# स्तन जाँच के दौरान क्या होता है?



## पहला चरण

स्तन जाँच करने वाला व्यक्ति आपको प्रतीक्षा कक्ष से स्तन जाँच कक्ष में ले जाएगा। वे प्रक्रिया के बारे में बताएँगे और आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर देंगे।



## दूसरा चरण

जब आप तैयार हों, तो रेडियोग्राफर आपसे अपना टॉप और ब्रा उतारने और अपने स्तनों को एक-एक करके ब्रेस्ट स्क्रीनिंग मशीन की निचली प्लेट पर रखने के लिए कहेगा। वे बताएँगे कि यह कैसे करना है।



## तीसरा चरण

रेडियोग्राफर फिर प्रत्येक स्तन को ऊपर और नीचे की प्लेटों के बीच दबाएँगे ताकि लिए गए चित्र यथासंभव स्पष्ट हों। यह असुविधाजनक हो सकता है, लेकिन इससे दर्द नहीं होना चाहिए। अगर इससे दर्द होता है, तो आप स्तन जाँच को बंद करने के लिए कह सकती हैं।



## चौथा चरण

मशीन प्रत्येक स्तन की कम से कम 2 तस्वीरें लेगी - एक ऊपर से और एक बगल से। इन तस्वीरों को बाद में कम से कम 2 डॉक्टर पढ़ेंगे जो स्तन कैंसर की जाँच करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित हैं। आपके परिणाम 2 से 4 सप्ताह में तैयार हो जाएँगे। यदि कैंसर का पता चलता है, तो आपका जीपी या स्तन क्लिनिक का विशेषज्ञ उपचार के विकल्पों के बारे में चर्चा करेगा।

Australian Government

BreastScreen AUSTRALIA

A joint Australian, State and Territory Government Program

www.health.gov.au/bsa